आपको एक पूर्वानुमान लगाने योग्य कार्य समय-सारणी का अधिकार है

NYC's Fair Workweek Law (NYC के निष्पक्ष कार्य सप्ताह कानून) के तहत फास्ट फूड नियोक्ताओं को अपने कामगारों को पूर्वानुमान लगाने योग्य कार्य समय-सारणियाँ अवश्य देनी चाहिए। नियोक्ताओं को प्रत्येक NYC कार्यस्थल पर यह नोटिस ऐसे स्थान पर अवश्य लगाना होगा जहाँ कर्मचारी इसे आसानी से देख सकें।*

कानून के अंतर्गत आने वाले फास्ट फूड कामगार

ऐसे कर्मचारी जो NYC में किसी फास्ट फूड संस्थान में निम्नलिखित में से कम से कम कोई एक कार्य करते हों:

- ग्राहक सेवा
- खाना बनाना
- खाना या पेय तैयार करना
- कार्यस्थल से परे सुपुर्दगी
- सुरक्षा
- आपूर्ति या उपकरणों की स्टॉकिंग
- सफाई
- दैनिक रखरखाव कर्त्तव्य

यह कानून प्रवास की स्थिति को ध्यान में रखे बिना सभी पर लागू होता है।

नियोक्ता कर्मचारियों को इस प्रकार दंडित नहीं कर सकते, जुर्माना नहीं लगा सकते, प्रतिशोध नहीं ले सकते या उनके विरुद्ध कोई ऐसी कार्रवाई नहीं कर सकते जो कर्मचारियों को इस कानून के तहत उनके अधिकारों का प्रयोग करने से रोके या विचलित करे। कामगारों को ऐसे प्रतिशोध के संबंध में OLPS से तुरंत सम्पर्क करना चाहिए। नीचे देखें।

आपके अधिकार

अनुमानित समय-सारणी और प्रथम कार्य समय-सारणी

आपके कार्य के पहले दिन या इससे पहले आपके नियोक्ता को आपको निम्नलिखित दस्तावेज अवश्य देने चाहिए:

- *कार्य के पहले 2 सप्ताह* के लिए शिफ्ट के घंटों, तारीखों, शुरु होने तथा समाप्त होने के समय तथा स्थान के साथ लिखित में समय-सारणी।
- *लिखित "सद्विश्वास के अनुमान"* (दिन, समय, घंटे, ऐसे स्थान जिनमें आप अपनी नियुक्ति के दौरान कार्य करने की अपेक्षा कर सकते हैं)। आपके नियोक्ता को अनुमान में परिवर्तन होने पर आपको एक नवीनतम अनुमान अवश्य देना चाहिए।

कार्य समय-सारणी का 2 सप्ताह का अग्रिम नोटिस

14

आपके नियोक्ता को आपको समय-सारणी में आपकी पहली शिफ्ट से कम से कम 14 दिन पहले आपकी लिखित कार्य समय-सारणी अवश्य देनी चाहिए। समय-सारणी में सभी शिफ्टों की तारीखों, शिफ्ट शुरू होने तथा समाप्त होने के समय और स्थान(स्थानों) के साथ कम से कम 7 कैलेंडर दिवस अवश्य होने चाहिए। यदि समय-सारणी में परिवर्तन होता है, तो आपके नियोक्ता को 24 घंटे के अंदर या जल्दी से जल्दी सभी प्रभावित कर्मचारियों से अवश्य सम्पर्क करना चाहिए।

मुक्त शिफ्टों में कार्य करने के लिए प्राथमिकता

नई शिफ्ट उपलब्ध होने पर आपके नियोक्ता को किसी नए कर्मचारी को नियुक्त करने से पहले:

- पहले आपके कार्यस्थल पर सूचना लगाकर और आपको इलेक्ट्रॉनिक रूप से, जिसमें टैक्स्ट या ई-मेल शामिल है, सीधे सूचना देकर *NYC के वर्तमान कर्मचारियों के लिए शिफ्टों के संबंध में विज्ञापन अवश्य देना चाहिए।*
- *जिन कार्यस्थलों पर शिफ्ट उपलब्ध हैं, वहाँ कामगारों को मुक्त शिफ्टों में कार्य करने के लिए प्राथमिकता अवश्य देनी चाहिए।*
- दूसरे कार्यस्थलों से इच्छुक कामगारों को शिफ्ट तभी देनी चाहिए जब उस कार्यस्थल से कोई या पर्याप्त कामगार शिफ्ट को स्वीकार न करें।

आपका नियोक्ता केवल तभी नए कामगारों की नियुक्ति कर सकता है यदि NYC का कोई भी वर्तमान कामगार पोस्ट की गई निर्धारित समय-सीमा तक शिफ्ट स्वीकार न करे।

"Clopening" शिफ्टों के लिए सहमति और $100

आपका नियोक्ता आपकी समय-सारणी में तब तक 2 दिन में इस प्रकार 2 शिफ्ट नहीं रख सकता कि पहली शिफ्ट एक दिन में समाप्त हो और दूसरी शिफ्ट शुरू होने से पहले 11 घंटे से कम समय हो (एक "Clopening") जब तक कि आप लिखित में सहमति न दें और आपको इस शिफ्ट में कार्य करने के लिए $100 के प्रीमियम का भुगतान न किया जाए।

अंतिम समय में समय-सारणी में बदलाव के लिए सहमति और प्रीमियम का भुगतान

आपका नियोक्ता आपकी लिखित सहमति के बिना और निम्नलिखित प्रीमियम का भुगतान किए बिना कोई बदलाव प्रभावी होने से 14 दिन से कम समय पहले आपकी समय-सारणी में कोई बदलाव नहीं कर सकता:

नोटिस की राशि	अतिरिक्त कार्य समय या शिफ्टें	शिफ्टों में परिवर्तन परंतु कुल कार्य समय में कोई बदलाव नहीं	कार्य समय या शिफ्टों में कमी
14 दिन से कम समय का नोटिस	प्रति परिवर्तन $10	प्रति परिवर्तन $10	प्रति परिवर्तन $20
7 दिन से कम समय का नोटिस	प्रति परिवर्तन $15	प्रति परिवर्तन $15	प्रति परिवर्तन $45
24 घंटे से कम समय का नोटिस	प्रति परिवर्तन $15	प्रति परिवर्तन $15	प्रति परिवर्तन $75

उस स्थिति में प्रीमियम का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होती जब:

1. आपका नियोक्ता निम्न कारणों से इकाई बंद कर देता है: कर्मचारियों की सुरक्षा या नियोक्ता की सम्पत्ति को खतरा; सार्वजनिक सुविधा की विफलता; सार्वजनिक यातायात का बंद होना; आग लगना, बाढ़ आना या अन्य प्राकृतिक आपदा; सरकार द्वारा आपातकाल स्थिति की घोषणा।
2. आप किसी विशिष्ट शिफ्ट में जाने के लिए समय-सारणी में परिवर्तन का अनुरोध करते हैं।
3. आप किसी अन्य कर्मचारी के साथ शिफ्टें बदलते हैं।
4. आपके नियोक्ता को आपकी शिफ्ट बदलने पर आपको ओवरटाइम का भुगतान करना होगा।

शिकायत दर्ज करवाएं

उपभोक्ता मामलों का विभाग श्रम नीति एवं मानक कार्यालय (Department of Consumer Affairs Office of Labor Policy & Standards (OLPS)) उचित कार्य सप्ताह कानून और अन्य NYC श्रम कानून लागू करता है।

OLPS में शिकायत दर्ज करवाने के लिए, nyc.gov/dca पर जाएं या **311 पर सम्पर्क करें** (NYC से बाहर 212-NEW-YORK) और "Fair Workweek Law" के संबंध में जानकारी लें। OLPS जाँच करेगा और आपकी शिकायत का समाधान करने का प्रयास करेगा। **OLPS तब तक आपकी पहचान को गोपनीय रखेगा जब तक कि जाँच पूरी करने के लिए या कानून के तहत इसे प्रकट करना अनिवार्य न हो।**

आप न्यायालय में भी मामला दर्ज करा सकते हैं। फिर भी, आप एक ही समय में OLPS में शिकायत और न्यायालय में दावा एक साथ नहीं कर सकते।

OLPS से सम्पर्क करें

nyc.gov/dca पर जाएं, **FWW@dca.nyc.gov** पर ई-मेल करें या **311 पर सम्पर्क करें** और "Fair Workweek Law" के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

NYC Consumer Affairs

Bill de Blasio
Mayor

Lorelei Salas
Commissioner

**आपके नियोक्ता को DCA की वेबसाइट पर उपलब्ध होने पर इस नोटिस को किसी ऐसी भाषा में कार्यस्थल पर भी लगाना होगा जो कि आपके कार्यस्थल के कम से कम 5 प्रतिशत कामगारों की मुख्य भाषा हो।*

08/2018